Bharat Temples

मेरे घर माता की चौकी

मेरे घर माता की चोंकी भक्तो सारे आना,
सोये जागे भाग तुम्हारे मइयां सब को आप पुकारे,
अपनी झोलियाँ पसारे भक्तो सारे आना,
मेरे घर माता की चोंकी भक्तो सारे आना,

खोये हुये सुखो का खजाना मिल जाएगा,
सब की उमीदो का चमन खिल जायेगा,
रोते हुये गये जब अम्बा माँ हसाये गी,
सूखे होये पेड़ो पे बहार आ जायेगी,
नैया जीवन की प्यारे छोड़ो उसी के सहारे वो लगाये गी किनारे भक्तो सारे आना,
मेरे घर माता की चोंकी भक्तो सारे आना,

आसार बेअसारे को देने वाली
भगतो की करती सदा रखवाली वो है,
आशा की निराशा में वो ज्योत जलाती है,
पल में फकीरो को वो शहंशाह बनाती है,
नाम माँ का जो उचारे आये शरदा से इस द्वारे,
अम्बा सब के काज सवारे भक्तो सारे आना,
मेरे घर माता की चोंकी भक्तो सारे आना,

मिटी में भी चन्दन की महक भर देगी,
अन्ध्यारे घर में उजाला कर देगी,

भावना की डोर से ही उसे बाँध लेना,
निर्दोश माँ से ही माँ से मांग लेना,
मियाँ आ गई घर हमारे देगी तोड़ गगन के तारे,
दाती सब के कष्ट निवारे भक्तो सारे आना,
मेरे घर माता की चोंकी भक्तो सारे आना,

Source:
https://www.bharattemples.com/mere-ghar-maata-ki-chownki-bhakto-saare-aana/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw